## खबर संक्षेप



### भगवान विश्वकर्मा पूजन को लेकर तैयार की गई रूपरेखा

**बरही।** विजयनाथ धाम प्रांगण में स्थापित श्रीविश्वकर्मा भगवान मंदिर में हर वर्ष की भांति 17 सितंबर को भगवान श्री विश्वकर्मा पूजा को लेकर बैठक आयोजित की गई। समाज के लोगों के साथ बैठकर आगामी कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार की गई। समाज की आवश्यक गति विधियों को नई दिशा निर्देश जारी किया गया। श्री विश्वकर्मा पूजन धूम-धाम से मनाई जाएगी। श्री विश्वकर्मा समाजोत्थान समिति व शिक्षा समिति बरही 17 सितंबर को पूजन में पहुंचने व सहयोग करने की अपील की गई। बैठक में अच्छे लाल विश्वकर्मा, राममिलन विश्वकर्मा, आशुतोष विश्वकर्मा, संजीव, जमुना प्रसाद, अमित, कमलेश, आशीष, लखन विश्वकर्मा, हरीश, नरेश, सुमित, केशव, काशी राम, जानकी विश्वकर्मा, अमित कुमार सचिव राजेंद्र विश्वकर्मा, कैलाश, चन्द्रबली विश्वकर्मा, राकेश विश्वकर्मा, अनिल विश्वकर्मा, रवि विश्वकर्मा सहित समाज युवा एवं वरिष्ठ जनों की मौजूदगी रही।

### किशोर के सिर में कुल्हाड़ी मारी, आरोपित को भेजा जेल

**कटनी।** विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम नरेड़ा में एक किशोर पर कुल्हाड़ी से हमला किये जाने की घटना के मामले में पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपित ने किशोर से गाली गलौज करते सिर पर कुल्हाड़ी का प्रहार कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी रितेश शर्मा ने बताया कि ग्राम देवसरी इंदौर निवासी 16 वर्षीय अभिषेक केवट अपने गांव के ही 45 वर्षीय प्रेमलाल यादव पिता झल्ला यादव के साथ भैंस चराते हुए ग्राम नारेडा फ़ुटहा तालाब के पास पहुंचा था। इसी दौरान वहां ग्राम नरेडा निवासी विशंभर गोंड आ पहुंचा और उसने भैंस चरा रहे दोनों लोगों से गलीगलौज करनी शुरू कर दी। भैंस चराने की बात को लेकर आवेश में आकर आरोपी विशंभर गोंड ने 16 वर्षीय अभिषेक केवट के सिर में कुल्हाड़ी का जोरदार प्रहार कर दिया। घटना के बाद घायल बालक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### पोड़ी से आज निकलेगी विशाल कांवड़ यात्रा

**स्लीमनाबाद।** सावन मास के तीसरे सोमवार को ग्राम पौड़ी से विशाल कांवड यात्रा निकलेगी जो 15 किलोमीटर की दूरी तय कर रुपनाथ धाम पहुंचेगी। उक्त कांवड यात्रा का आयोजन सरपंच राजकुमारी अमित पटेल व ग्रामवासियों के अतिथ्य मे हो रही है जिसमें विधायक प्रणय पांडेय भी शामिल होंगे। सभी शिवभक्तों से कांवड यात्रा मे पहुंचने की अपील की गईं है।

### पौधों एवं बीजों का किया गया वितरण

**कटनी।** बहोरीबंद विकासखंड के सेक्टर कौड़ियां अंतर्गत ग्राम पंचायत जुझारी में भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा म.प्र. जन अभियान परिषद कीनवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन कौड़िया के सहयोग से और जनपद सदस्य प्रतिभा राजू यादव के नेतृत्व में संपन्न हुई। यात्रा की शुरुआत ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक वेशभूषा में महिलाओं द्वारा कलश के साथ की गई, जिसमें बड़ी संख्या में नवांकुर सखियों एवं ग्रामीण महिलाओं ने सहभागिता की।कार्यक्रम के दौरान नवांकुर सखियों को पौधे और अंकुरित बेल बीजों का वितरण भी किया गया। प्रत्येक सेक्टर में 100 महिलाएं नवांकुर सखी के रूप में चयनित की गई हैं।

---

**प्रतिबंधात्मक आदेश के उल्लंघन पर जिला प्रशासन द्वारा की जा रही कार्यवाही**

# 48 पशुपालकों पर एफआईआर दर्ज 50 हजार रुपए का वसूला जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी



हाईवे सहित मुख्य मार्गों में पशुओं को आवारा छोड़ने वाले पशु पालकों पर जिला प्रशासन द्वारा कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दिलीप कुमार यादव द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के उल्लंघन के मामले में जिले भर में घुमंतु पशुओं के 48 पशुपालकों के विरूद्ध पुलिस थानों में एफआईआर दर्ज कराई गई है। इस प्रकार जिले में पशुओं को आवारा छोड़ने वाले पशुपालकों से अब तक 49 हजार 175 रूपए का जुर्माना भी वसूला जा चुका है।

गौवंश को खुला छोड़ने वालों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने का यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। अन्यथा पशुपालक अपने गौवंश को घर पर बांध कर रखें, ताकि जनहानि और पशुहानि से बचा जा सके।

कलेक्टर श्री यादव ने पशु मालिकों और पशुपालकों से आग्रह किया गया है कि वे अपने गौवंश को बांध कर रखें। ताकि सड़कों पर विचरण करते गौवंश जनहानि व दुर्घटना का कारण न बनें, कई बार वाहनों की टक्कर से बेजुबान पशु भी गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं और सड़क में दर्द से कराहते हैं और असह्य पीड़ा का सामना करते हैं। इसलिए मानवीय नजरिए से इन्हें घरों में बांध कर रखें ताकि ये बेजुबान पशु सड़कों में घायल न हो न और इन्हें कष्ट भी न हो।

नेशनल हाइवे और जिले के अन्य व्यस्त सड़क मार्गों पर विचरण करते गौवंश और सड़कों में पशुओं के जमावड़े से संभावित सड़क दुर्घटना से लोक संपत्ति, पशु हानि एवं मानव जीवन की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर श्री यादव द्वारा विगत 1 जुलाई को प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया था। इसी आदेश के अनुक्रम में अब तक नगर निगम कटनी व जनपद पंचायत रीठी द्वारा पशुपालकों के विरुद्ध 3-3 एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है।इसी प्रकार नगर परिषद कैमोर, विजयराघवगढ़ व जनपद पंचायत बडवारा द्वारा क्रमश :1-1 पशुपालक के विरुद्ध प्राथमिकी और जनपद पंचायत कटनी द्वारा दो पशुपालकों के खिलाफ एफआईआर कराई गई है। जबकि जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ द्वारा 20 पशुपालकों ,जनपद पंचायत बहोरीबंद द्वारा 8 पशुपालकों तथा जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा द्वारा 9 पशुपालकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है। आवारा पशुओं को संभावित दुर्घटनाओं से बचाने के लिए कलेक्टर श्री यादव के निर्देश पर करीब साढ़े सात हजार से अधिक पशुओं को रेडियम बैंड पट्टी लगाई गई है। यह कार्य ग्राम पंचायतों द्वारा अभी भी सतत जारी है।

सड़क में आवारा घूमते हुए गौवंश के कान मे लगे टैग को स्कैन कर पशुपालकों और मालिकों की पहचान कर एफ.आई.आर दर्ज कराई गई है।

#### आदेश का हुआ उल्लंघन

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री यादव द्वारा बीते 1 जुलाई को जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के उल्लंघन पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 और पशु क्रूरता अधिनियम के अंतर्गत घुमंतु पशुओं के मालिकों व पशुपालकों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करानें की कार्यवाही की गई है।

---



## हरियाली तीज पर सिंहवाहिनी मंदिर में झूला महोत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ स्लीमनाबाद

**13 दिन तक भगवान के झूला दर्शन होंगे, 9 को सिंहासन में होंगे**

सावन माह में विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मंदिरों में भगवान शिव की पूजा अर्चना में भक्त लीन है। रविवार को हरियाली तीज अवसर पर सिंहवाहिनी मंदिर स्लीमनाबाद मे झूला महोत्सव मनाया गया। साथ ही तहसील के अन्य मंदिरों मै भी भगवान के झूले डल गए। शाम को भगवान के दर्शन झूले में ही हुए। इस मौके पर राधारानी को मेंहदी लगाकर तीज का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। शाम को भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। मंदिरों में तीज से लेकर पूर्णिमा तक पूरे 13 दिन भगवान के झूला में दर्शन होंगे। 9 अगस्त को पूर्णिमा की रात में झूले से उतरकर भगवान सिंहासन में होंगे। तब तक झूले पर ही भगवान की मंगला आरती, सांध्य और शयन आरती होगी।

सिंहवाहिनी रसिक बिहारी जू मंदिर रोशनी से जगमग हो गया। यहां विशेष विद्युत साज-सज्जा की गई। मंदिर में भगवान का विशेष श्रृंगार हुआ। झूले को भी हरे रंग से सजाया गया था। राधारानी को मेहंदी रचाई गई। सुहाग का श्रृंगार चढ़ाया गया व सब भक्तों को बांटा गया । सिंहवाहिनी महिला मंडल की सदस्यों ने बताया कि पवित्र सावन माह मै महिला मंडल के द्वारा अखंड रामचरित मानस किया जा रहा है जो पूरे सावन माह चलेगा।

---

**कुंए में उतरने से पहले जहरीली जैस की जांच अवश्य कर लें**

## पुराने कुएं में हो सकती हैं जहरीली गैस, जान जोखिम में न डालें, बरतें सावधानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी

पुराने कुएं में जहरीली गैसों की वजह से कुएं के अंदर जाने से लोगों की दर्दनाक मृत्यु की हृदय विदारक घटना के हुए कई दुखद मामलों के मद्देनजर नागरिकों की सुरक्षा को देखते हुये कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने लोगों से कुएं में उतरने के पहले सावधानी और सतर्कता बरतने की अपील की है। इस संबंध में मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने एडवाइजरी जारी की है।

जनसामान्य के लिए जारी एडवाइजरी में कहा गया है कि यदि फसलों की सिंचाई के लिए मोटर पंप को कुएं के नीचे तक उतारने, मोटर पंप को सुधारने या अन्य कारणों से किसी को कुएं में उतरना जरूरी है तो, कुएं में उतरने से पहले उसमें जहरीली गैस की जांच अवश्य कर लें। इसके बाद ही कुएं में उतरें। पुराने कुएं में अवशिष्टों की सड़न से हाइड्रोजन सल्फाइड, कार्बन मोनोऑक्साइड, मीथेन एवं कार्बन डाइऑक्साइड जैसी खतरनाक गैसें बन जाती हैं।इनकी उपस्थिति कुएं के भीतर बेहोशी, घुटन और मृत्यु का कारण बन सकती है।

सीमित स्थान में ऑक्सीजन का स्तर कम होने से सांस लेने में तकलीफ और बेहोशी हो सकती है।

#### पानी का अचानक भर जाना

कुएँ में उतरने के पहले लालटेन रस्सी से नीचे डालें यदि लालटेन बुझ जाती है, तो वहाँ पर ऑक्सीजन की कमी है, और वहां ज़हरीली गैस हैं। इसलिए कुएँ के अंदर ना उतरें। यदि कोई व्यक्ति सूखे कुएं में दुर्घटना का शिकार हो जाता है, तो बचाव की स्थिति में तत्काल कदम उठाए जाने चाहिए।

#### तत्काल कार्रवाई और सुरक्षा

अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करें, बिना उचित प्रशिक्षण और सुरक्षा उपकरणों के कुएं में उतरने का प्रयास न करें। इससे आप भी खतरे में पड़ सकते हैं। तत्काल मदद के लिए कॉल करें। तुरंत आपातकालीन सेवाओं (जैसे पुलिस, अग्निशमन दल, बचाव दल) को सूचित करें। उन्हें दुर्घटना का स्थान और स्थिति की जानकारी दें। कुएं के आसपास के क्षेत्र को खाली कराएं ताकि अन्य लोग खतरे में न पड़ें। यदि संभव हो, तो दूर से या सुरक्षित दूरी से दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति की स्थिति (चेतना, सांस लेना, चोटें) का आकलन करें। बचाव योजना बनाएं, होमगार्ड, एसडीईआरएफ जैसी आपातकालीन सेवाओं के पहुंचने पर, उनके साथ मिलकर एक सुरक्षित और प्रभावी बचाव योजना तैयार करें। बचाव कार्य केवल प्रशिक्षित और उचित उपकरणों से लैस बचाव दल द्वारा ही किया जाना चाहिए। बचाव दल को सुरक्षा उपकरण (पीपीई), श्वास सुरक्षा उपकरण, हार्नेस, रस्सियां आदि का उपयोग करना चाहिए।

---

**मन की बात में पीएम ने प्रेरणादायक कहानियां कीं साझा**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 124 वें एपिसोड के माध्यम से देशवासियों से संवाद किया। कटनी जिले की चारों विधानसभा में हजारों लोगों ने मन की बात के जरिये प्रधानमंत्री जी के प्रेरक विचारों को सुना। प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' में देशवासियों से प्रेरणादायक कहानियां साझा कीं. उन्होंने अंतरिक्ष, खेल, विज्ञान, और सांस्कृतिक विरासत में भारत की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए युवाओं को आगे बढ़ने का संदेश दिया। मराठा किलों को यूनेस्को द्वारा मिली मान्यता और महिला सशक्तिकरण की कहानियाँ इस कार्यक्रम की मुख्य झलक रहीं। पीएम श्री मोदी ने मधप्रदेश के बुन्देलखंड में ग्वालियर, झांसी, दतिया, अजयगढ़, गढ़कुंडार और चंदेरी जैसे किले का जिक्र करते कहा कि ये सिर्फ ईंट-पत्थर नहीं हैं, ये हमारी संस्कृति के प्रतीक हैं। प्रधानमंत्री ने अनेक विषय पर अपनी सार्थक अभिव्यक्ति दी। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम मन की बात माह के अंतिम रविवार को बूथ स्तर पर सुनी गई। प्रधानमंत्री जी के विचारों को लोगों ने बेहद उत्सुकता से घरों दुकानों सार्वजनिक स्थलों पर विभिन्न संचार माध्यमों से सुना।

---

## नकली बीज का विक्रय करने वाले विक्रेता के विरूद्ध दर्ज हुई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी

बिना विक्रय प्राधिकार पत्र एवं नकली बीज बेचने पर जोबीकला निवासी सुरेन्द्र रजक के विरूद्ध कुठला पुलिस थाना में कापीराइट अधिनियम और ट्रेड मार्क अधिनियम के उल्लंघन पर एफआईआर दर्ज की गई है। यह एफआईआर बायर क्रपाइस कंपनी की ओर से टू बडी कंसल्टिंग प्रा. लिमि. नोएडा के सहायक प्रबंधक प्रेम शर्मा ने दर्ज कराई है।

सहायक प्रबंधक श्री शर्मा ने किसानों से मिल रही लगातार शिकायत पर कुठला पुलिस थाना में शिकायत करते हुये बताया कि सोनू कटियार नामक एक व्यक्ति, जिसके पास कोई वैध लाइसेंस या खुदरा प्रतिष्ठान नहीं है, कथित तौर पर अराइज 6444 प्लस के नाम पर नकली बीजों के अवैध वितरण में शामिल है। उसने यह आपूर्ति सुरेंद्र रजक को की, जो ग्राम जोवीकला, तहसील कटनी में अपने निवास से श्रेया खाद भंडार के नाम से काम कर रहे हैं। श्री रजक के पास भी कोई वैध बीज या कीटनाशक खुदरा लाइसेंस नहीं है और वह सीधे अपने घर बीज बेच रहे हैं और उन्हें डोर-टू-डोर वितरित कर रहे हैं। सुरेंद्र रजक ने इस डुप्लीकेट अराइज 6444 के बीज की आपूर्ति ग्राम पड़खुरी, तहसील मानपुर, जिला उमरिया में कई किसानों को पूर्ण अग्रिम भुगतान एकत्र करने के बाद की।

#### अंकुरित नहीं हुए बीज

बुवाई के बाद किसानों द्वारा शून्य अंकुरण की सूचना दी गई, जिससे कंपनी को यह संदेह हुआ कि सामग्री नकली थी। खेत में सत्यापन और बचे हुए बीज पैकेटों के निरीक्षण के बाद बायर टीम ने पाया कि किसानों को सामग्री आपूर्तिकर्ता बायर का प्रामाणिक उत्पाद नहीं है।

श्री शर्मा की शिकायत पर सूरेन्द्र रजक के विरूद्ध कॉपीराइट अधिनियम (संशोधित) 1957 की धारा 63 एवं 65, ट्रेडमार्क अधिनियम 1999 की धारा 103 एवं 104 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

---

**ढीमरखेड़ा के मुरवारी में कार्यक्रम का हुआ आयोजन**

## सिर पर कलश, हाथों में पौधे लेकर निकाली हरियाली यात्रा, रोपे पौधे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ उमरियापान



मप्र जन अभियान परिषद के तत्वावधान में रविवार को ढीमरखेड़ा के मुरवारी में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का आयोजन किया गया।प्रस्फुटन ग्राम मुरवारी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कलश यात्रा निकाली गई। जहाँ से सिर पर कलश और हाथों में पौधे लिए महिलाएं गांव की गलियों से गुजरते हुए यात्रा में शामिल हुईं।

यात्रा के पश्चात महिलाओं को स्वास्थ्य केंद्र में सामूहिक रूप से पौधे वितरित किए गए।महिलाओं ने पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया। इस मौके पर महिलाओं ने एक दूसरे को मेहंदी लगाकर और चूड़ियां पहनाकर पारंपरिक उत्सव जैसा माहौल बनाया। भजन-कीर्तन और मानव श्रृंखला बनाकर लोकनृत्य भी प्रस्तुत किया गया।स्वास्थ्य केन्द्र में पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में शामिल जनपद सदस्य ज्योति दीपू बैरागी ने सभी महिलाओं को पर्यावरण मित्रता के प्रतीक रूप में चूड़ियां भेंट कीं और उनके योगदान की सराहना की।

#### पौधारोपण की बताई जरूरत

विकासखंड समन्वयक बबीता शाह ने नवांकुर सखी योजना के उद्देश्य के बारे में कहा कि समाज के सहयोग से वृक्षारोपण करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़कर उन्हें पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाना है। साथ ही रोपित किए गए पौधों का संरक्षण भी सुनिश्चित करना है।

कार्यक्रम में पंचायत सचिव शंकर साहू,सेक्टर प्रभारी अंकित झारिया, कोदुलाल हल्दकार, प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष ब्रजभूषण बैरागी, सचिव सुनील विश्वकर्मा, जीआरएस सतीश गौतम,विनोद सिंह,पंकज नामदेव,आकाश विश्वकर्मा, पारखदास बैरागी,अर्जुन पटेल, एएनएम कुसुम राजभर,पुष्पा बैरागी, उमा विश्वकर्मा,सरोज कोरी, अभिलाषा विश्वकर्मा,सरोज बैरागी, उषा दाहिया, उर्मिला काछी, दीपा पटेल, अनसुईया बाई मौजूद रहीं।

---

**नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का किया गया आयोजन**

## पौधे तैयार करेंगी महिलाएं, विशेष अवसरों पर किया जायेगा रोपण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ स्लीमनाबाद



मप्र जन अभियान परिषद ने 'नवांकुर योजना' के अंतर्गत पंजीकृत नवांकुर सखी के माध्यम से 'नवांकुर सखी एवं हरियाली यात्रा' का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड बहोरीबंद के नवांकुर संस्था नगर विकास प्रस्फुटन समिति सेक्टर 3 बचैया के ग्राम बम्होरी के माध्यम से किया गया। इस कार्यक्रम में ग्रामवासियों, महिलाओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

हरियाली यात्रा देवी मंदिर से प्रारम्भ होकर शिव मंदिर मे समापन हुआ! इस दौरान विकासखंड समन्वयक अरविंद शाह, जनपद सदस्य जया पुष्पेंद्र सेंगर, सरपंच महा सिंह टेकाम, अमर सिंह सेंगर ने सक्रिय सहभागिता की। आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने भी सहभागिता की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विकासखंड समन्वयक अरविंद शाह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण में महिलाओं की भूमिका बेहद अहम है। उन्होंने अपील की है कि महिलाएं अपने घरों में पौधे तैयार करें और उन्हें बच्चों के जन्मदिन या वैवाहिक वर्षगाँठ पर लगाएं।

माता-बहनों के द्वारा पौधा रोपित कर धरती माता का हरितमय श्रृंगार होगा। कलश यात्रा के रूप में पूरे गांव में भ्रमण किया गया। इस यात्रा के माध्यम से ग्रामवासियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलश पूजन से किया गया, इसके बाद संरक्षण की शपथ के साथ महिलाओं को पौधे प्रदान किए गए।

विकासखंड समन्वयक ने 'नवांकुर सखी-हरियाली यात्रा' कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा कि यह कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पूरे प्रदेश में संचालित किया जा रहा है। महिलाओं को बीज रोपित थैलियां वितरित की जा रही हैं, जिनमें बीजों का संरक्षण कर पौधे तैयार किए जाएंगे और उन्हें विशेष अवसरों पर रोपित किया जाएगा।

#### पौधो की देखभाल अपने बच्चों की तरह करें

परामर्शदाता अवधेश बैरागी ने जन अभियान परिषद के कार्यों की विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बच्चों की शिक्षा और ग्राम को नशा मुक्त एवं हरा-भरा बनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा, हम पेड़ों की देखभाल उसी तरह करें जैसे अपने बच्चों की करते हैं। कार्यक्रम का समापन भजन प्रस्तुति के साथ हुआ, जिसमें महिलाओं ने भावपूर्ण गीतों के माध्यम से प्रकृति प्रेम और हरियाली का संदेश दिया। समापन के दौरान नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सभी का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस प्रकार के जनहितकारी कार्यक्रमों में सहयोग की अपील की। इस अवसर पर तेज सिंह सेंगर, रविंनंदन सिंह, अश्विनी सेंगर, आलोक सिंह सेंगर, अरविंद बैरागी मौजूद रहे।

---

## दादूराम जिलाध्यक्ष तो नवीन बने बहोरीबंद तहसील अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▸▸ स्लीमनाबाद



मप्र पटवारी संघ भोपाल के प्रांतीय आव्हान पर कटनी पटवारी जिला संघ का निर्वाचन कार्य रविवार को सम्पन्न हुआ जिसमें तहसील के तहसील अध्यक्षो के निर्वाचन हेतु नामांकन भरे गये जिसमें तहसील कटनी से नंदलाल ताम्रकार, तहसील कटनी नगर से राजेश दुबे, विजयराघवगढ़ से पवन कुमार चौधरी, ढीमरखेडा से महेंद्र कुमार त्रिपाठी तथा तहसील बहोरीबंद से नवीन गर्ग द्वारा केवल नामांकन भरे जाने से तहसील अध्यक्ष के रूप मे निर्विरोध निर्वाचित किया गया।

वहीं पटवारी संघ के कटनी जिलाध्यक्ष के लिए पटवारी अशोक बागरी, दादूराम पटेल व मदन मोहन राय के द्वारा नामांकन भरा गया जिसमें फार्म वापिसी के दौरान आपसी सहमति से अशोक सिंह बागरी तथा मदन मोहन राय के द्वारा फार्म वापस ले लिया गया जिस कारण दादूराम पटेल निर्विरोध मध्यप्रदेश पटवारी संघ जिला शाखा कटनी के जिलाध्यक्ष निर्वाचित हुए। अशोक सिंह बागरी ओर मदन मोहन राय को कार्यकारी जिलाध्यक्ष निर्वाचित किया गया जिन्हे निर्विरोध निर्वाचित होने पर नियमानुसार 3 वर्ष के लिए कार्यकाल रहेगा

## खबर संक्षेप



### विद्यालय आयोजित हुआ विधिक जागरूकता शिविर

**कटनी।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जितेन्द्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में शनिवार को डायमण्ड हायर सेकेंडरी स्कूल माधव नगर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुमित शर्मा, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरणके द्वारा बच्चों को उनके मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्यएवं बच्चों को कानूनी सहायता और सुरक्षा के संबंध में एवं (बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं और उनका संरक्षण) योजना 2015 एवं नालसा टोल फ्री नम्बर 15100 की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही हर्षित बिसेन, जिला विधिक सहायता अधिकारी के द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता, मोटर व्हीकल एक्ट के बारे में भी जानकारी दी गई। उन्हों ने बताया कि कानूनी समस्या के समाधान के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी में संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं सहित पैरालीगल वालेंटियर आराधना तिवारी उपस्थित रहे।

### अपर्हत बालिका को किया दस्तयाब कर किया सुपुर्द

**बरही।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस अधीक्षक महोदय अभिनय विश्वकर्मा द्वारा अपहत बालक / बालिकाओ की दस्तयाबी हेतु निर्देशित किया गया है जिसके पालन में थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में एक टीम गठित कर धारा 137(2) बीएनएस की अपर्हत बालिका को दस्तयाब करने हेतु लगातार प्रयास किया जाकर साइबर सेल मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत अपहत बालिका को दस्तयाब किया गया है । दस्तयाबी उपरांत अपर्हत बालिका को उसके परिजनो के सुपुर्द किया गया । बालिका को पाकर परिजनों के चेहरे पर आई मुस्कान। कार्यवाही में थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव सउनि मीना धुर्वे प्रआर सतीश हल्दकार की मुख्य भूमिका रही।

### विद्यालय में स्काउट गाइड ने किया पौधारोपण

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला कमिश्नर स्काउट श्याम सिंह मरावी के मार्गदर्शन में क्लब प्रोजेक्ट के अंतर्गत विद्यालयों में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण,संरक्षण एवं जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटनी के स्काउट गाइड दल द्वारा पौधारोपण किया गया एवं इन पौधों को संरक्षित करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का संचालन शुभम उर्मलिया गाइड कैप्टन द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य अजय शंकर पांडे, ललित कुमार मिश्रा, प्रधानाध्यापक कपूरचंद महोबिया, राजाराम असाटी, धर्मेंद्र अग्रवाल, पुष्पलता शर्मा नीरज दुबे, विद्यालय स्टाफ सहित बड़ी संख्या में स्काउट गाइड छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### ऑनलाइन कोर्सेस पर प्रशिक्षण आयोजित

**कटनी।** शासकीय तिलक महाविद्यालय में शनिवार को स्वउयं ऑनलाइन कोर्स पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजति किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील वाजपेई के निर्देशन में भारत सरकार द्वारा प्रारंभ किए गए ऑनलाइन शिक्षा पोर्टल पर उपलब्ध विभिन्न कोर्सेस के बारे में बताया गया। साथ ही विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम संबंधी तथा अन्य रोजगारपरक कोर्सेस में पंजीयन कराने की प्रक्रिया की पूर्णजानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के दौरान प्राणिशास्त्र की सहायका प्राध्याकपक संगीता बासरानी ने इन कोर्सेस से होने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी सभी छात्र-छात्रों को प्रदान की।

छपरा मार्ग में ट्रक फंसने से लगा जाम, आवागमन के लिए बनाया वैकल्पिक मार्ग

# मुसीबत : स्लीमनाबाद से बंधी स्टेशन एवं उमरियापान मार्ग 10 दिनों तक बंद रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

बरगी व्यपवर्तन परियोजना के तहत स्लीमनाबाद मे 12 किलोमीटर अंडर ग्राउंड टनल बनाई जा रही है जिसमें अप व डाउन स्ट्रीम की ओर खुदाई कार्य स्लीमनाबाद समीप पहुंच गया है जिसमें डाऊन स्ट्रीम की टीवीएम मशीन स्लीमनाबाद के पड़वार मार्ग मोहदापुरा पहुंच गईं है। वहीं अप स्ट्रीम की टीवीएम मशीन का कार्य स्लीमनाबाद तिराहा के बंधी स्टेशन मार्ग पर पहुंच गया है। इसी मार्ग से बंधी स्टेशन व पान उमरिया, ढीमरखेडा के लिए आवागमन होता है लेकिन उक्त मार्ग के नीचे से होकर टीवीएम मशीन को खुदाई करते हुए आगे बढ़ना है, ऐसे मे किसी भी प्रकार का हादसा न हो उक्त मार्ग से रविवार की सुबह आवागमन पर रोक लगा दी गईं।

एनवीडीए के अमले के द्वारा मार्ग पर मिट्टी व मुरम जेसीबी से डालकर मार्ग अवरुद्द कर दिया गया। नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के एसडीओ दीपक मंडलोई ने बताया कि अप स्ट्रीम की टीवीएम मशीन





स्लीमनाबाद तिराहा बंधी मार्ग पर आ गईं है। बंधी मार्ग को पार करने उक्त मार्ग पर आवागमन पर रोक लगाई गईं है जिससे उक्त स्लीमनाबाद से बंधी व उमरिया पान मार्ग पर आवागमन बंद कर दिया गया।

आवागमन के लिए दो जगहों से वैकल्पिक व्यवस्था बनाई गईं है। दो पहिया वाहन चालक कंचनपुर के बाजू से सीधे कोहका मोड़ पहुंचकर स्लीमनाबाद तिराहा आएंगे ओर चार पहिया वाहन चालक सिहुडी गाँव के आगे इमालिया मोड़ के सामने छपरा मार्ग से होकर नेशनल हाइवे 30 पहुंचेंगे। छपरा मार्ग खराब था जिसका दुरस्तीकरण करवा दिया गया है।

#### ट्रक फंसा तो हटाई मिट्टी, मुरूम

स्लीमनाबाद से पानउमरिया को जाने छपरा के रास्ते जो वैकल्पिक मार्ग बनाया गया है उसमें रविवार को सुबह 10 बजे ट्रक मार्ग पर फंस गया जिस कारण आवागमन बाधित हो गया। मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गईं। गतंव्य स्थानों तक पहुंचने में लोगों की लेटलतीफ़ी हो रही थी, बसे ओर अन्य वाहन जाम मे फंसे थे। एनवीडीए के अधिकारियो को जानकारी दी गईं तब पुन स्लीमनाबाद तिराहा से मुरम मिट्टी हटवाकर इसी मार्ग से आवागमन शुरू किया गया।



## विद्यालयों में विद्यार्थियों को वितरित की गई साइकिलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

शासकीय आर के गौतम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुरवारी में कक्षा 9वीं में अध्ययनरत 46 विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिलें वितरित की गईं। विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह,मंडल अध्यक्ष नरेंद्र त्रिपाठी, जनपद सदस्य ज्योति बैरागी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने साइकिलें वितरण किया। विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने तथा उनके आवागमन में सहूलियत के लिए सरकार ने यह योजना चलाई है। विधायक ने कक्षाओं में पहुँचकर विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। इस मौके पर मंडल महामंत्री सोनू गौतम, अंकित झारिया, दीपू बैरागी, कोदुलाल हल्दकार,नूतन पाठक, नितिन पाठक, उपसरपंच अज्जू पटेल,रतन बर्मन,बीईओ लखन बागरी,प्राचार्य संघरत्न भिलावे, जनशिक्षक सुशील पटेल सहित विद्यालय स्टाफ की उपस्थिति रही।

इसी तरह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धरवारा में कक्षा 9वीं में अध्ययनरत 16 विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिलें वितरित की गईं। विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह,सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम, मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद प्रताप सिंह,सरपंच प्रेमबाई सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने साइकिलें वितरण किया। इसके पहले विधायक ने शाला परिसर में पौधारोपण किया। इस मौके पर दादा पाण्डेय,रामसिंह पटेल,महेन्द्र दुबे, अनिल दुबे,शिवशंकर मौजूद रहे।

पुलिस लाइन झिंझरी में किया गया वृहद पौधारोपण

## महापौर, छात्रों एवं पर्यावरण प्रेमियों की मौजूदगी में रोपे गए 500 पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

निगम प्रशासन द्वारा नगर के हर क्षेत्र में पौधारोपण कर प्राण वायु को समृद्ध करने हेतु पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को वृहद रूप प्रदान करने हेतु विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं , सामाजिक धार्मिक एवं स्वैच्छिक संगठनों की जनभागीदारी भी सुनिश्चित की जाकर वृक्षारोपण अभियान को वृहद स्वरूप प्रदान करने के प्रयास किये जा रहे है।

रविवार को महापौर प्रीति संजीव सूरी के मुख्य आतिथ्य में विजन समूह द्वारा हरियाली और स्वच्छता को समर्पित वृहद पौधारोपण अभियान झिंझरी स्थित पुलिस ग्राउंड में आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम की मुख्य अतिथि



महापौर श्रीमती सूरी द्वारा विजन समूह के सदस्यों एवं पर्यावरण प्रेमियों के साथ मिलकर विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस ग्राउंड के चारों ओर नीम, शीशम करंज सहित विभिन्न प्रजाति के लगभग 500 छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया जाकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया। पौधारोपण कार्यक्रम के उपरांत उपस्थित जनों द्वारा पुलिस ग्राउंड में फैले कचरे एवं अपशिष्ट को एकत्रित कर स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए आम जनों को अपने घरों एवं कार्यालयों के आस पास पर्याप्त साफ-सफाई रखने का संदेश प्रसारित किया गया।

महापौर श्रमती प्रीति संजीव सूरी नें कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पेड़ पौधों से हमे शुद्ध वायु मिलती है जो मानव समाज के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए अति आवश्यक है। विजन समूह द्वारा प्रत्येक रविवार को आयोजित किये जाने वाले पौधारोपण कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए महापौर श्रीमती सूरी नें सभी नागरिकों से मिलकर पर्यावरण को सहेजने और स्वच्छ बनाए रखने में एकजुटता से स्वप्रेरित होकर आगे आकर पौधारोपण करने की अपील की। इस अवसर पर जिला कमांडेंट राजेन्द्र बघेल, विजय समूह प्रमुख एवं ननि के स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर आशुतोष मानके आदि मौजूद रहे।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण



विकासखंड बड़वारा के बरही सेक्टर क्रमांक 05 के अंतर्गत आदर्श ग्राम ददरा टोला में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का शुभारंभ खेर दाई मंदिर से पूजा अर्चन करते हुये किया गया। डॉ.तेज सिंह केशवाल ने नवांकुर सखी हरियाली यात्रा के विषय के साथ महिलाओं की विशेष भूमिका को याद दिलाते हुवे चिपको आंदोलन से भी सभी को अवगत कराया। तदुपरांत जनप्रतिनिधि व नवांकुर संस्था नव प्रेरणा जन जागृति समिति द्वारा सभी को बीजरोपण द्वारा तैयार नर्सरी से पौधे वितरित किये गए। इसके उपरांत हरियाली यात्रा का एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।
जनप्रतिनिधि व नवांकुर संस्था नव प्रेरणा जन जागृति समिति द्वारा सभी को बीजरोपण द्वारा तैयार नर्सरी से पौधे वितरित किये गए। इसके उपरांत हरियाली यात्रा का एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा गया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विजयराघवगढ़

प्रशासन द्वारा आवारा पशुओं के लिए गांव गांव गौशालाएं खोलकर उनके असमय होने वाली मौत को रोकने के लिए उपाय किए गए हैं किंतु स्थानीय प्रशासन की अनदेखी से अधिक संख्या में पशु रात्रि में सड़कों पर बैठ जाते हैं फल स्वरुप तेज गति से चलने वाले भारी वाहनों द्वारा असमय मौत हो जाती हैं जिसके लिए कामधेनु गौ सेवकौ एवं प्रखंड बजरंग दल के सदस्यों ने ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से मांग करते हुए स्थानीय गौशालाओं एवं पशु औषधालय की व्यवस्था को सुदृढ बनाने मांग की गई है जिसमें आवारा पशुओं को गौशालाओं में पहुंचाया जाए।

आवारा पशुओं के सीगो पर हाइलाइट रिबिन बधवाया जाए। ग्रामों एवं नगर में मुनादी कर पशुओं को सुरक्षित गौशाला भेजा जाए। ग्रामीण



क्षेत्रों में भी पशु चिकित्सा अधिकारी कर्मचारी की व्यवस्था कराई जाए ताकि पशुओं को बीमारी एवं दुर्घटना से बचाया जा सके। मुख्यमंत्री चिकित्सा वाहन द्वारा ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी को ग्रामीण क्षेत्र में भ्रमण करने निर्देशित किया जाए एवं निशुल्क इलाज की व्यवस्था कराई जाए। संचालित गौशालाओं में समय-समय पर जांच कर संसाधनों की एवं पशुओं के खाद्य पदार्थ की पूर्ति कराई जाए। पशु चिकित्सालय में पानी लाइट एवं दवा की पूर्ण रूप से व्यवस्था कराई जाए।

इस अवसर पर डॉ जायसवाल, किशन जायसवाल, जतिन खरे, अमित जायसवाल, आयुष मिश्रा, अनिकेत गुप्ता, विक्रम गुप्ता, अमन विश्वकर्मा, शिवम खटीक, चिंटू खटीक अर्जुन खटीक सुमित पांडे , आकाश मिश्रा हर्ष प्यासी राहुल राहुल खटीक पारस सोनी आदि ने ज्ञापन सौंप कर आवारा पशुओं की सुरक्षा की मांग की है।

झकाझोर में जंगली सुअर ने वृद्ध पर हमला कर किया था घायल

## कीचड़युक्त मार्ग से घायल वृद्ध को चारपाई में लेकर डेढ़ किमी चलकर भेजा अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र में भी विकास के दावे भले ही सरकार एवं नेताओं द्वारा किये जाते हैं लेकिन आज भी कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां बारिश के मौसम में पैदल निकलना भी जंग जीतने जैसा है। आपात स्थितियों में वाहन सुविधा तो दिवा स्वप्न है। ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खंदवारा ग्राम पंचायत के सारंगपुर के झकाझोर पहुंच मार्ग की ऐसी दशा है कि एंबुलेंस तक नहीं पहुंच पाती। झकाझोर में खेत गए एक वृद्ध पर जंगली सुअर ने हमला कर घायल कर दिया। घायल वृद्ध को स्वास्थ्य केंद्र ले जाने के लिए परिजन व ग्रामीणों को एम्बुलेंस की जगह चारपाई का सहारा लेना पड़ा। कीचड़ भरे रास्ते और ऊबड़-



खाबड़ पगडंडियों से होकर चारपाई पर लिटाए मरीज को डेढ़ किलोमीटर दूर मुख्य सड़क तक लाया गया, जहाँ से निजी वाहन से अस्पताल भेजा गया।

जानकारी के अनुसार हुकुमचंद पटेल 65 शनिवार सुबह फसल देखने खेत गए थे। इसी दौरान जंगली सुअर ने वृद्ध पर हमला कर दिया। सुअर ने जबड़े से घुटने के ऊपर पकड़ा और पूरा मांस नोच डाला। वृद्ध चीख पुकार करते हुए खेत से जान बचाकर गांव की तरफ भागा। ग्रामीणों ने वृद्ध को चिल्लाता सुन बचाव के लिए दौड़े। ग्रामीणों ने देखा कि वृद्ध खेत की मेढ़ पर घायल पड़ा हैं। घुटने के ऊपर से खून बह रहा है। ग्रामीणों ने एम्बुलेंस को फोन लगाया। एम्बुलेंस भी नहीं पहुँची। वृद्ध के परिजनों और ग्रामीणों ने आनन फानन चारपाई निकाली और वृद्ध को लिटाया। झकाझोर से सारंगपुर तक डेढ़ किलोमीटर कीचड़ से सने उबड़ खाबड़ रास्ते से चारपाई से लाये।यहाँ भी एम्बुलेंस नहीं पहुँची तो सारंगपुर से किराए से निजी वाहन कर उमरियापान अस्पताल पहुँचाया, जहाँ वृद्ध का उपचार जारी है।

ग्रामीणों का कहना है कि झकाझोर से सारंगपुर तक सड़क खराब होने से बारिश के दिनों में आवागमन मुश्किल भरा होता है।गांव तक पहुँचने का कोई पक्का रास्ता नहीं है। बारिश के दिनों कीचड़ और दलदल से होकर गुजरना पड़ता है। कठिन डगर में ग्रामीण अपना सफर तय करते है। वर्षों से सड़क की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक कोई पहल नहीं हुई।

निरीक्षण के दौरान भंडारे में श्रद्धालुओं के साथ बैठ कर प्रसाद किया ग्रहण

## 33 लाख से निर्माणाधीन सड़क का महापौर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से कायाकल्प योजना के अंतर्गत संत कवरराम वार्ड में लगभग 33.36 लाख रुपये की लागत से बन रही सीसी सड़क का निरीक्षण महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा किया गया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को कार्य को व्यवस्थित एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

#### नागरिकों से लिया फीडबैक

निरीक्षण के दौरान महापौर ने स्थानीय नागरिकों से निर्माण कार्य को लेकर फीडबैक प्राप्त किया। नागरिकों ने संतोष व्यक्त करते हुए नगर में हो रहे विकास कार्यों के लिए महापौर का आभार जताया। महापौर श्रीमती सूरी ने बताया कि





कायाकल्प योजना के अंतर्गत नगर के विभिन्न वार्डों में सड़कों का नवीनीकरण किया जा रहा है। माधवनगर सहित अन्य क्षेत्रों में भी इसी योजना के तहत विकास कार्य कराए जा चुके हैं और यह प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी।

#### अतिक्रमण हटाने की मांग

इस दौरान नागरिकों द्वारा सड़क में अवरोधक बने अतिक्रमण को हटाकर आवागमन को सुगम बनाए जाने की मांग की गई। इस पर महापौर ने संबंधित आकाश आहूजा से स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने हेतु चर्चा कर नगर विकास में सहयोग देने का अनुरोध किया। आहूजा ने एक सप्ताह के भीतर अतिक्रमण हटाने का आश्वासन दिया। महापौर ने गौरीशंकर मार्ग को व्यवस्थित करने तथा नालियों पर अतिक्रमण के कारण जल प्रवाह में आ रही बाधाओं के समाधान हेतु संबंधित उपयंत्री को शीघ्र कार्यवाही के निर्देश दिए।

#### इनकी रही उपस्थिति

निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य, क्षेत्रीय पार्षद, उपयंत्री, एस.एन. कंस्ट्रक्शन के प्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

#### मंदिर में किया पूजन

निरीक्षण उपरांत महापौर श्रीमती सूरी सनातन धर्म पंजाबी मंडल, माधव नगर पहुंचीं, जहां उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना कर नगरवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात माता के भंडारे में श्रद्धालुओं के साथ पंगत में बैठकर प्रसाद भी ग्रहण किया।



## खिलाड़ी चयन प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विजयराघवगढ़

विकासखंड शिक्षा अधिकारी एके कोरी के मार्गदर्शन में, विकासखंड क्रीड़ा प्रभारी रवि कुमार बेन द्वारा, एसीसी अडानी फैक्ट्री, एवरेस्ट फैक्ट्री कैमोर के सहयोग से विकासखंड स्तरीय क्रीड़ा चयन प्रतियोगिता कैमोर एसीसी अडानी एवं डी ए वी स्कूल प्रांगण में चल रही हैं जिसमें विकासखंड के शास/अशासकीय हाई स्कूल/हायर सेकेंडरी स्कूल के,आयु वर्ग 14 वर्ष, 17 वर्ष और 19 वर्ष के बालक बालिका विभिन्न खेलों में सम्मिलित होंगे। इसके तहत 15 जुलाई को खो-खो, 18 जुलाई को शतरंज और बैडमिंटन, 24 को फुटबाल एवं 25 जुलाई को कबड्डी की चयन प्रतियोगिता हुई जिसमें जिला स्तर में पहुंचने वाले प्रतिभागियों का चयन किया गया। आगे प्रतियोगिताएं वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, क्रिकेट आदि होना शेष है। इस प्रतियोगिता में मुख्य रूप से एसीसी अडानी स्कूल एवं डी ए वी स्कूल के प्राचार्य एवं खेल शिक्षकों का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है। वि. ख. चिकित्सा अधिकारी डॉ विनोद द्वारा मैदान में पूरे समय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराकर,नगर परिषद केमोर द्वारा खेल परिसर की साफ सफाई एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रदान कर विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है जिससे अब तक हुई प्रतियोगिताएं पूर्णतया सफल रही।

## खबर संक्षेप

### पुलिस द्वारा नशे से दूरी है जरूरी जन जागरूकता अभियान के तहत कोतवाली थाना क्षेत्र में आयोजित किये विभिन्न कार्यक्रम

**पन्ना।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संपूर्ण प्रदेश में संचालित ष्नशे से दूरी है जरूरीष जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत पन्ना जिले में पुलिस अधीक्षक श्री साईं कृष्ण एस. थोटा के निर्देशन में यह अभियान सतत रूप से प्रभावी एवं व्यापक रूप से संचालित किया जा रहा है। आज दिनांक को कोतवाली क्षेत्र में इस अभियान के अंतर्गत अनेक जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनका उद्देश्य समाज में नशे के विरुद्ध चेतना का विस्तार करना तथा नागरिकों को नशामुक्ति की ओर प्रेरित करना रहा। यहां आयोजित कार्यक्रम में थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा स्व-सहायता समूह की महिला सदस्यों एवं शहर में सक्रिय विभिन्न एन.जी.ओ. के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया गया। इस दौरान मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान की जानकारी साझा की गई तथा माननीय पुलिस महानिदेशक महोदय का वीडियो संदेश प्रदर्शित किया गया। उपस्थितजनों ने नशामुक्त रहने व दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की शपथ ली। रिलायंस जियो स्मार्ट बाजार, पन्ना यहां जागरूकता अभियान के अंतर्गत लाउडस्पीकर के माध्यम से कर्मचारियों एवं खरीदारी हेतु आए नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। साथ ही हस्ताक्षर अभियान के अंतर्गत लोगों ने हस्ताक्षर कर नशे से दूर रहने एवं अभियान का समर्थन करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### पिपरोधा में 46 लाख से बनेगा आयुष अस्पताल, हुआ भूमिपूजन

# बटियागढ़ में 7 करोड़ 95 लाख की लागत से संयुक्त तहसील भवन का हुआ लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



बटियागढ़ के घनश्यामपुरा में बनाए गए नवनिर्मित संयुक्त तहसील भवन के लोकार्पण कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ववलन कर विधि-विधान से पूजन कर फीता काटकर नए भवन का लोकार्पण किया गया। प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल, दमोह सांसद राहुल सिंह तथा जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की गरिमामय मौजदूगी में सम्पन्न हुआ। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा बटियागढ़ अब नगर पंचायत होने वाली है, सम्भवतः आने वाला चुनाव नगर पंचायत के तहत होगा, विकास की गति और तेज हो इसके लिए हम सभी प्रयास करेंगे। 05 करोड़ 47 लाख की लागत से केबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल ने जनपद का भवन दिया है, जल्द उसका भी काम प्रारम्भ होगा, एक ही परिसर में जनपद, तहसील, अस्पताल और सभी अधिकारियों के ऑफिस होंगे बहुत सारी सुविधाएं बढ़ेगी और विकास में तेजी होगी। राज्यमंत्री लखन पटेल ने कहा जूड़ी नदी पर भी बहुत बड़ा डेम बनकर तैयार हुआ है, एक छोटा डेम कुछ कारणों से अवरुद्ध है, जल्द काम पूरा होकर बटियागढ़ क्षेत्र में करीब 15000 हेक्टेयर की सिंचाई होगी, इस बात की खुशी है बटियागढ़ विकासखंड शत प्रतिशत सिंचित हो जाएगा।

दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा आज बटियागढ़ में लगभग 8 करोड़ की लागत से संयुक्त तहसील भवन लोकार्पण हुआ, पिपरोधा में करीब 46 लाख की लागत से भवन का भूमिपूजन हुआ है, क्षेत्र का समुचित विकास ही सरकार का उद्देश्य है, बटियागढ़ में शत प्रतिशत पानी पहुंचाने का प्रयास भी किया जा रहा हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में विकसित मध्य प्रदेश बनाने के लिए कार्य कर रहे। बटियागढ़ क्षेत्र के लोगों के लिए संयुक्त तहसील भवन आज समर्पित किया गया है।

जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने कहा आज का दिन बटियागढ़ के विकास के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। लगभग 8 करोड़ की लागत से तैयार इस संयुक्त तहसील भवन का लोकार्पण हमारे क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात है। अब तहसील कार्यालय बन जाने से आम जनता को बार-बार भटकना नहीं पड़ेगा और सभी सेवाएँ एक स्थान पर उपलब्ध होंगी।

पिरोधा आयुष चिकित्सालय भवन हेतु जमीन दानदाता स्व. सूरत सिंह उर्फ मुन्ना दाऊ के पुत्र का मंत्री श्री पटेल एवं सांसद श्री लोधी ने पुष्पगुच्छ भेटकर सम्मान किया। अतिथियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि धर्मेंद्र कटारे, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मंगल कुशवाहा, पं. नरेंद्र व्यास, गोपाल पटेल, पं. कपिल शुक्ला, नरेंद्र बजाज, खरगराम पटेल, अरविंद पटेल, भरत पटेल, ऋषि पटेल, मुरारी पटेल, अंकुश खटीक पथरिया एसडीएम निकेत चौरसिया, बटियागढ़ तहसीलदार योगेंद्र चौधरी, जिला आयुष अधिकारी डॉ. राजकुमार पटेल सम्मानीय मीडियाजन सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कमर्चारीगण, ग्रामीणजन की मौजूदगी रही। कार्यक्रम का संचालन माधव पटेल और आभार प्रदर्शन तहसीलदार योगेंद्र चौधरी ने किया।

# जन स्वास्थ्य रक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



मध्य प्रदेश जन स्वास्थ्य रक्षक संघ ब्लॉक जबेरा एवं तेंदूखेड़ा कमेटी द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में मांग करते हुए कहा है कि प्रदेश के ग्रामीण अंचलों से शिक्षित बेरोजगार युवक युवतियों के शासकीय सेवा से जोड़ने के लिए प्रदेश में शिक्षाकर्मी पंचायत कर्मी जन स्वास्थ्य रक्षक नामक योजना शुरू की जाए। पंचायत कर्मियों व शिक्षा कर्मियों को तो उनके मूल विभागों में नियमित सेवा का अवसर मिल गया परंतु जन संचनालय स्वास्थ्य सेवा मध्य प्रदेश शासन के द्वारा शासकीय भर्ती नियमों को पूरा करने प्रशिक्षण प्राप्त जन स्वास्थ्य रक्षक आज भी स्वास्थ्य विभाग में सेवा सहभागिता से वंचित हैं। यदि आंगनबाड़ी सह ग्राम आरोग्य केंद्रों पर जन स्वास्थ्य रक्षकों को स्वास्थ्य मित्र के रूप में सेवा सहभागिता का अवसर दिया जाता है तो महिला एवं पुरुषों को एक समान प्रशिक्षित हाथों से प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने वाला हमारा मध्य प्रदेश देश का पहला राज्य बन सकता है। ज्ञापन में मांग करते हुए कहा है कि 4 मार्च 2008 को गठित आयुक्त स्वास्थ्य सेवाएं मध्य प्रदेश की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक के लिए लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मध्य प्रदेश के पत्र क्रमांक 49 37 के अनुसार समिति की बैठक शीघ्र आयोजित हो सके ऐसा निर्देश किया जाए। साथ ही जन स्वास्थ्य रक्षकों के लिए जारी किए गए पूर्व आदेशों को धरातल पर लागू किया जाए एवं विभागीय कार्य व्यवस्था और प्रशिक्षण के उद्देश्य पूर्ति के लिए आंगनबाड़ी सह ग्राम आरोग्य केंद्रों पर जन स्वास्थ्य रक्षकों को स्वास्थ्य मित्र के रूप में एक वर्षीय प्रशिक्षण व्यवस्था से जुड़ने की मांग ज्ञापन में की गई है। इस दौरान राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने आश्वासन देते हुए कहा कि आपकी मांगों को माननीय मुख्यमंत्री जी तक अवश्य पहुंचाया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से डॉक्टर प्रताप सिंह तेकाम, डॉक्टर पवन सिंह ठाकुर, मदन रजक, विजय सेन, श्याम बिहारी खरे आदि मौजूद रहे।

## 26 जुलाई को हुआ प्री एग्रीकल्चर टेस्ट

**दमोह।** सहायक संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास जिला दमोह जे.एल. प्रजापति द्वारा बताया गया एम्पलाई सिलेक्शन बोर्ड द्वारा विगत दिवस 26 जून 2025 को प्री एग्रीकल्चर टेस्ट की ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन किया गया। दमोह जिले में जिला प्रशासन,कृषि विभाग एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयास से संचालित प्री एग्रीकल्चर टेस्ट की निःशुल्क क्रेश कोर्स कोचिंग के विद्यार्थियों ने भाग लिया विद्यार्थियों से प्राप्त फीडबैक के अनुसार पेपर कोचिंग में पढ़ाए गए टॉपिक से ही ज्यादातर प्रश्न पूछे गए हैं विद्यार्थी अति उत्साहित हैं 5 से 6 विद्यार्थियों के 100 से अधिक अंक प्राप्त हुए हैं विद्यार्थी नितेश पटेल के 117 अंक प्राप्त हुए हैं ।

### समाजसेवियों द्वारा मुक्तिधाम में बरसों पहले रोपे पौधों से अब मिल रही सुकून की छांव

# मुक्तिधाम में प्रकृति प्रेमी संवार रहे पर्यावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



उपकाशी हटा नगर में कई ऐसे समाजसेवी प्रकृति प्रेमी हैं जो लोगों को प्रकृति के बीच होने का एहसास देने कई वर्षों से नगर के गौरीशंकर मुक्तिधाम में पौधरोपण और उसे वृक्ष के रूप में विकसित करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उनके प्रयास से मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार के दौरान पहुंचने वाले लोगों को सुकून की छांव भी मिल रही है। इसके लिए सभी समाजसेवी युवाओं ने मिलकर मुक्तिधाम कैम्पस में ही पर्यावरण को हरा-भरा रखने सैकड़ो से ज्यादा पौधे रोपे और उनकी देखभाल की जो अब भीषण गर्मी में भी लोगों को राहत की छांव दे रहे है परिसर में चारों ओर हरियाली ही हरियाली दिखाई दे रही है।

### हर सप्ताह श्रमदान से करते हैं सफाई

मुक्तिधाम में कई वर्षों से मुहिम चला रहे समाजसेवी चंपी चौरसिया कामता तंतुवाय पुष्पेंद्र पांडे ने बताया कि विगत दस वर्षों से किए गए अथक प्रयास से अब मुक्तिधाम परिसर गर्मी में भी हरा-भरा रहता है। अंतिम संस्कार में पहुंचने वाले लोगों को सुकून की छांव मिलने लगी हैं। वहां लोगों को बेहतर माहौल मिले, इसलिए हर संडे को नगर के सभी समाजसेवी श्रमदान करते हुए सफाई करते हैं। यह प्रक्रिया आदत का हिस्सा बन गई है। लोग रविवार की सुबह स्वयं ही श्रमदान के लिए पहुंचते हैं। इससे पूरा एरिया हरा-भरा हो गया। यहां पौधे रोपने वाले भी कभी कभी पुरखा और मां के नाम से रोपे गए पौधों की सुध लेने भी पहुंचते हैं। डॉ वीरेंद्र मोदी ने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि अपने व परिजनों के जन्मदिन या वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर एक पौधा जरूर लगाएं। इस रविवार हरियाली तीज के मौके पर पुष्पेंद्र पांडे अशोक चंपी चौरसिया मुन्नी पाराशर जितेंद्र राय केशव प्रजापति रामकुमार राय धर्मेंद्र सेन कामता तंतुवाय सोनू पंडा रियल अग्रवाल लखन लाल पटेल सहित अन्य समाजसेवियों कि उपस्थिति रही।

# पेंशनर्स की जिला स्तरीय बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

मध्यप्रदेश पेंशनर समाज की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन रविवार को नगर की एक रेस्टोरेंट में शिक्षाविद साहित्यकार डॉ श्याम सुंदर दुबे की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष आर के मिश्रा तहसील अध्यक्ष रूपसिंह राजपूत सहित अन्य पदाधिकारीयों की उपस्थिति में आयोजित की गई। जहां बैठक में पेंशनरों को संबोधित करते हुए डॉ श्याम सुंदर दुबे ने कहा सभी पेंशनर अपनी दिनचर्या पर विषेश ध्यान रखें ताकि स्वस्थ्य रहकर समाज व परिवार का मार्गदर्शन कर सकें। इसके पूर्व जिला अध्यक्ष आर के मिश्रा ने सभी वरिष्ठ जनों को नशा के दुष्परिणामों को समाज के सामने रखे एवं दीवार लेखन पंपलेट के मध्यम से नशे से बचाने का प्रचार प्रसार करने के प्रयास करें ताकि समाज को नशामुक्त बनाया जा सके इसके अलावा सुरेंद्र अग्रवाल द्वारा मंत्र लेखन के माध्यम से सद्ज्ञान सद्बुद्धि हेतु समाज में जाने हेतु प्रेरित किया गया। बैठक में पदाधिकारी द्वारा नए पेंशनरों को संघ की सदस्यता दिलाते हुए उनका पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। बैठक में मुख्य रूप से एम एल सवैया, बद्री प्रसाद गर्ग के अलावा दमोह, बटियागढ़, पथरिया, पटेरा के अध्यक्षों के साथ पेंशनर समाज के सैकड़ो लोगों की उपस्थिति रही।

# प्रयास पर्यावरण संस्था ने किया छात्रावास परिसर में पौधारोपण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

पर्यावरण के क्षेत्र में अग्रणी प्रयास पर्यावरण संस्था ने अध्यक्ष प्रदीप कुमार अग्रवाल, सचिव प्रमोद कुमार जैन, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार जैन एवं संगठक डॉ एलसी जैन के नेतृत्व में नगर के विवेकानंद नगर स्थित बालिका छात्रावास परिसर में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम रखा। पौधरोपण के अंतर्गत कदंब, शीशम, आम, जामुन, मधुकामिनी आदि के लगभग 50 पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में इंजी. आर के जैन, केपी जैन, एम.के. खरे, एमएल जैन, बहादुर सिंह, श्रीमती अंतिम जैन, यूसी जैन, ऋषभ जैन स्टेशन मास्टर, प्राचार्य रमेश व्यास, रामसेवक सोनी, केसी जैन, संजय डबुल्या तथा विवेकानंद नगर अनेक उत्साही युवको ने अपनी सहभागिता निभाई।

# दक्ष प्रजापति जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई



**दमोह।** आदर्श प्रजापति समाज जिला दमोह के द्वारा बडी देवी मंदिर में दक्ष प्रजापति जयंती मनायी। जिसमें समाज के सभी वर्गो ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के शुभारंभ में महराज दक्ष प्रजापति का पूजन किया गया। राजेन्द्र बरदिया अध्यक्ष ने महराज दक्ष प्रजापति की गाथा का वर्णन किया और समाज के वरिष्ठ शासकीय सेवा निवृत्त परसमराम प्रजापति, कन्हैया लाल प्रजापति शिक्षक, रामरतन प्रजापति लिपिक, बाबूलाल प्रजापति, गुड्डा प्रजापति, नन्नू प्रजापति का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। वर्ष 2024-25 में उत्तीर्ण बच्चो को प्रशसस्ति पत्र मेडल वितरित किये गये। जिसमें निकुंज, दीपाली, प्रवीण, आदित्य आदि बच्चो को प्रमाण पत्र दिये। कार्यक्रम में समाज के उमाशंकर प्रजापति, मूलचंद प्रजापति, नंदन चक्रवर्ती, पीएल प्रजापति, केएल प्रजापति ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राजेन्द्र श्री बरदिया ने समाज की एकता पर जोर दिया। इस अवसर पर समाज के केएस, संदीप, मूलचंद, राजू, सुखदेव, हरलाल, सुरेन्द्र, महेन्द्र, शंकर, गनेश, महेन्द्र ठेकेदार, ललित, उमेश, मनीष, विवेक, भागचंद, बद्री, बिहारी, खित्तू, दिनेश, रामकिशोर, रवि, उत्तम, आकाश, बाबूलाल आदि प्रजापति समाज के सैकडो स्वजातीय बंधुओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन नंदन चक्रवर्ती व आभार उमाशंकर प्रजापति ने माना।

# जिले के सभी बूथ केंद्र पर सुनी मन की बात

**दमोह।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संवाद कार्यक्रम ₹मन की बात₹ के 124 वें संस्करण को जिले के सभी बूथ केंद्रों पर सुना गया, इस कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, सांसद राहुल सिंह सहित अन्य ज्येष्ठ कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की, दमयंती मंडल के शक्ति केंद्र 3 अंतर्गत सिविल वार्ड 10 में जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने मन की बात को सुना इस अवसर पर रिंकू गोस्वामी, श्याम दुबे, राम कुंदानी, भरत यादव, विवेक ठाकुर, मनोज आहूजा, कौशलेंद्र पाण्डेय ने कार्यक्रम को देखा। मध्यप्रदेश शासन में पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल ने पथरिया विधानसभा के ग्राम दौराज पहुँचकर पार्टी कार्यकर्ता बलराम अठया के निवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का श्रवण किया। दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने दमोह विधानसभा अंतर्गत दमयंती नगर मंडल के चौपरा खुर्द स्थित बूथ क्र.242 पर भाजपा जिला महामंत्री गोपाल पटेल, रामेश्वर चौधरी, मंडल अध्यक्ष रमाकांत बाजपेई, पूर्व मंडल अध्यक्ष पवन तिवारी, महिला मोर्चा अध्यक्ष शिखा जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, नरेंद्र बजाज,मंडल उपाध्यक्ष सुनील यादव के साथ यह मन की बात को सुना। भाजपा जिला कार्यालय में जिला मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र सिंह परिहार, जिला मीडिया सह प्रभारी महेन्द्र जैन, जिला कार्यालय मंत्री राम लाल उपाध्याय, सहकारिता प्रकोष्ठ संयोजक राकेश गुरु, युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष राकेश सिंह और सृजन असाटी ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना ।



जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात की शुरुआत में शुभांशु शुक्ला और स्पेस के बारे में बात की, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जैसे ही एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला धरती पर उतरे, लोग उछल पड़े। हर दिल में खुशी की लहर दौड़ गई। यूनेस्को ने 12 मराठा किलों को वर्ल्ड हेरिटेज के रूप में मान्यता दी है। ग्यारह किले महाराष्ट्र में, एक किला तमिलनाडु में। हर किले से इतिहास का एक-एक पन्ना जुड़ा है। हर पत्थर, एक ऐतिहासिक घटना का गवाह है। विकास की सबसे सुंदर बात यह है की गावों की महिलाएं, शहरों के डिजाइनर, बुजुर्ग बुनकर और स्टार्टअप शुरू करने वाले हमारे युवा सब मिलकर इसे आगे बढ़ा रहे हैं। आज भारत में 3000 से ज्यादा टेक्सटाइल स्टार्टअप हैं।

## नपा कर्मी कालूराम करोसिया का आकस्मिक निधन

**हिण्डोरिया।** नगर के वार्ड नं. 12 निवासी बसंत करोसिया के पिता कालूराम करोसिया उर्फ कल्लू का लगभग 61 वर्ष की आयु मे लम्बी बीमारी एवं हृदयगति रूकने के चलते रविवार की सुबह अचानक स्वर्गवास हो गया। वे नगर परिषद हिण्डोरिया मे बतौर भृत्य के पद पर पदस्थ थे। कुछ दिन बाद इनका प्रमोशन भी होना था। किंतु इनकी अपने रिटायर्डमेंट के लगभग 03 माह पूर्व मृत्यु हो गई। इनकी शवयात्रा मे सभी ने भाग लेकर मृतक की आत्मा को श्रृध्दांजलि अर्पित की।

# कारगिल विजय दिवस पर निकाला भव्य मशाल जुलूस

### आज देश का हर एक नागरिक अमर शहीद जवानों का कृतज्ञ है - श्याम शिवहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा दमोह द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे के मार्गदर्शन में मशाल जुलूस कार्यक्रम जिला प्रभारी अरुण तिवारी के निर्देशन और युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रिंस जैन के नेतृत्व में एक विशाल मशाल जुलूस निकाला गया। यह मशाल जुलूस भाजपा जिला कार्यालय कीर्ति स्तंभ चौराहा से शुरू होकर अस्पताल चौराहा होते हुए शहर के हदय स्थल घंटाघर पहुंचा। जहां पर दीप प्रज्वलन कर कारगिल में शहीद जवानों की शहादत को नमन किया गया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि आज हम खुली हवा में सांस ले पा रहे हैं तो उसकी पीछे हमारे अमर शहीद जवानों का बलिदान है। यदि चैन से सो पा रहे हैं तो उसके पीछे हमारे जवानों का परिश्रम है। हम यदि सुकून से जी रहे हैं तो उसके पीछे हमारे जवानों का संघर्ष है। आज देश का हर एक नागरिक अमर शहीद जवानों का कृतज्ञ है। वहीं इस मौके पर युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रिंस जैन ने कहा कि आज हम उन सभी जवानों को याद कर रहे हैं जिन्होंने भारत माता के लिए अपनी जान न्यौछावर की है। आज हम सुरक्षित इसलिए है कि कि हमारे जवान दुश्मनों की तरफ मुंह हमारी तरफ पीठ खड़ी करके सीमा पर डटे हुए हैं।

# रिटर्निंग अधिकारी ने दिया प्रमाण पत्र



**दमोह।** हटा विकासखण्ड के गैसाबाद जनपद सदस्य क्रमांक-16 के उप निर्वाचन में 5 उम्मीदवारों के बीच 22 जुलाई को हुए मतदान की मतगणना में प्रत्याशी निशा कुर्मी 434 मतों से विजयी घोषित हुई हैं। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम हटा राकेश सिंह मरकाम ने प्रत्याशी को जीत का प्रमाण पत्र सौंपा। मतगणना में वीरेंद्र उपाध्याय को 841 मत मिले। दीनदयाल कुर्मी को 512, कृपाल अहिरवार को 235, संतोष पटेल को 478 एवं नोटा को 41 मत मिले। अभ्यर्थियों, मतगणना अभिकर्ताओं और चुनाव प्रेक्षक की उपस्थिति में रिटर्निंग अधिकारी हटा राकेश सिंह मरकाम ने प्रातः 7:30 बजे स्ट्रांग रूम खोला। मतगणना ठीक 8 बजे तहसीलदार कार्यालय के सभाकक्ष में प्रारंभ की गई। इस दौरान राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक अशोक कुमार व्यास, नायब तहसीलदार राजेश सोनी, मास्टर ट्रेनर माधव पटेल, मुकेश गुजरे, एसडीओपी पुलिस प्रशांत सिंह सुमन, रनेह थाना प्रभारी चंदन सिंह, गैसाबाद थाना प्रीति पांडे, सौरभ शर्मा, भगवान दास दहिया, पुलिस-प्रशासन मौजूद रहे।

# शिवजी का नाम लेने मात्र से ही संपूर्ण पाप कर्म भस्म हो जाते है - पं रवि शास्त्री

**दमोह।** स्थानीय सिविल वार्ड 7 स्टेडियम के पास आज से नवदिवसीय श्री शिव महापुराण की कथा प्रारंभ हुई इसके पूर्व बेलाताल टापू साईंजी मंदिर से दिव्य भव्य कलश यात्रा निकाली गई मुख्य यजमान रूप नारायण सोनी श्रीमती रीना सोनी के द्वारा यह आयोजन कराया जा रहा है कथा व्यास आचार्य पंडित रवि शास्त्री जी महाराज ने कथा का वाचन करते हुए शिव नाम की महिमा को बताते हुए कहा कि शिव जी का नाम लेने मात्र से ही जीव के सम्पूर्ण पाप कर्म भस्म हो जाते हैं शिवजी की कृपा से शिवभक्त की कभी भी अकाल मृत्यु नहीं होती है जिस पर शिवजी की कृपा हो जाए वह दीर्घायु को प्राप्त होता है एवं इस लोक में सुख भोग करके अंत में भगवान के निज धाम कैलाश लोक को प्राप्त होता है। शिवजी का नाम जप करने से मानसिक शांति सुख और शिव कृपा प्राप्त होती है शिव नाम का जाप एक शक्तिशाली साधना मानी जाती है, जो व्यक्ति के जीवन में मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक उन्नति लाने में सहायक होती शिव नाम का जप करने से मन को शांति मिलती है, और तनाव कम होता है नियमित रूप से शिव नाम का जाप करने से सुख और समृद्धि आती है। शिव नाम का जाप एक शक्तिशाली साधना है जो व्यक्ति को आध्यात्मिक रूप से विकसित होने में मदद करती है माना जाता है कि शिव नाम का जाप करने से जीवन में आने वाले कष्टों और परेशानियों का निवारण होता है। शिव नाम का जाप करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। ओम नमः शिवायः यह शिव का सबसे प्रसिद्ध मंत्र है, जिसका जाप किया जा सकता है। यह एक और लोकप्रिय मंत्र है जिसका जाप किया जाता है। भगवान शिव के अन्य नामों जैसे महादेव, भोलेनाथ, शंकर, आदि का भी जाप किया जा सकता है। शिव नाम का जाप एक शक्तिशाली साधना है जो व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकती है। नियमित रूप से शिव नाम का जाप करने से मानसिक शांति, सुख, समृद्धि, और आध्यात्मिक उन्नति प्राप्त की जा सकती है।

### खबर संक्षेप

### मोहनीश राव बने जिलाध्यक्ष

**दमोह।** अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संघठन जिला दमोह की बैठक हुई डॉ अंबेडकर मंगल भवन दमोह में जिसमे मध्यप्रदेश के प्रांतीय धर्माचार्य रामदयाल शास्त्री , प्रदेश अध्यक्ष माधवसिह अहिरवार , प्रदेश महासचिव डॉ केपी अहिरवार, सचिव डॉ जीपी अहिरवार, संभागीय अध्यक्ष डॉ एन आर सुमन जी, महासचिव डॉ आरपी अहिरवार व मुकेश कुमार अहिरवार जिलाध्यक्ष अ.भा.र.ध.सं दमोह, विक्रान्त मंसूरे प्रदेश युवाअध्यक्ष अ.भा.र.ध. सं. जी की अनुशंसा पर युवा जिलाध्यक्ष दमोह मोहनीश राव जी को नियुक्त किया है ।

### 697.2 मिमी वर्षा दर्ज

**दमोह।** जिले में इस वर्ष 1 जून से अभी तक 697.2 मि.मी. अर्थात 27.4 इंच औसत वर्षा दर्ज हुई है, जो अभी तक गत वर्ष से 272.5 मि.मी. अर्थात 10.7 इंच अधिक है। इसी अवधि में गत वर्ष 424.7 मि.मी. अर्थात 16.7 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस वर्ष अभी तक जिले में सबसे ज्यादा वर्षा जबेरा में 814.0 मि.मी. दर्ज की गई है। भू-अभिलेख अधीक्षक वर्षा दुबे ने बताया अभी तक जिले के दमोह वर्षामापी केन्द्र पर 731.0 मि.मी., हटा 688.7 मि.मी., जबेरा में 814.0 मि.मी. पथरिया 777.0 मि.मी., तेन्दूखेड़ा 632.2 मि.मी, बटियागढ़ 618.0 मि.मी. तथा पटेरा में 620.0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

## घुटनों तक कीचड़ से होकर गुजर रहे ग्रामवासी और स्कूली बच्चें, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

# बारिश में मुसीबतों के साथ जीवन जी रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



एक ओर सबका साथ सबका विकास के नारे दिए जा रहे हैं क्षेत्र में विकास की गंगा बहाने के दावे किए जा रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत ग्राम वासियों को आवागमन के लिए सुरक्षित सड़क मार्ग भी नसीब नहीं हो रहे हैं। जिससे ग्राम वासी और स्कूली बच्चें घुटनों तक सने कीचड़ से होकर आवागमन करने को मजबूर हैं। इसी तरह का मामला सामने आया है जबेरा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत दुगानी के ग्राम बड़े झलौं का जहां के निवासियों के लिए बरसात के चार माह किसी मुसीबत से कम नहीं है। ग्राम पंचायत दुगानी से ग्राम बड़े झलौं का करीब दो किलोमीटर तक का पहुंच मार्ग जरा सी बारिश में कीचड़ में तब्दील हो जाता है और यह परेशानी बरसात शुरू होते ही ग्रामीणों के लिए शुरू हो जाती है। किंतु इस समस्या का समाधान आज तक किसी जिम्मेदार या जन प्रतिनिधियों ने कराने का प्रयास नहीं किया जिससे ग्रामीणों का आवागमन दूभर बना हुआ है। तो वही ग्राम के छोटे-छोटे बच्चे इसी कीचड़ से सराबोर मार्ग से होकर स्कूल और घर आते जाते हैं जिन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्राम बड़े झलौं निवासी लक्ष्मी सींग ,सुम्मेर, नारायण सींग ,प्यारेलाल आदि ने बताया कि ग्राम दुगानी से बड़े झलौं के बीच करीब दो किलोमीटर का पहुंच मार्ग है जिस पर ग्राम बड़े झलौं, डेरों एवं पटेरों आदि ग्रामों के लोग आवागमन करते हैं। पिंटू बरसात के मौसम में बहुत ही कीचड़ हो जाता है जिस कारण लोगों को और स्कूल जाने वाले बच्चों को बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ता है जिसमें कई बार बच्चे फिसलकर गिर भी जाते हैं जिससे उन्हें घर वापिस लौटना पड़ता है और पढ़ाई प्रभावित होती है। जिसे देखते हुए हम सभी ग्रामवासी शासन से मांग करते हैं कि इस मार्ग का सुधार कार्य शीघ्र कराया जाए ताकि आवागमन में परेशानी ना हो। वहीं ग्राम दुगानी निवासी जबेरा मंडल मंत्री दशरथ साहू ने बताया कि यह पहुंच मार्ग प्रधानमंत्री सड़क मार्ग में स्वीकृत हुई करीब दो वर्ष हो गए हैं किंतु इसका काम अभी तक न लगने के कारण इस मार्ग की हालत बहुत ही खराब है बरसात में लोगों का आवागमन बहुत ही मुश्किल बना हुआ है। हम शासन प्रशासन से मांग करते हैं कि हमारे यहां की सड़क का काम जल्द से जल्द शुरू किया जाए ताकि ग्राम वासियों के साथ स्कूली बच्चे भी सुगमता से स्कूल जा सकें और कोई बच्चा पढ़ाई से बंचित ना हो सके।

### हाथीडोल गांव तक पहुंच मार्ग मिट्टी में तब्दील



**तेन्दूखेड़ा।** तेंदूखेड़ा ब्लॉक की ग्राम पंचायत इमलीडोल के आश्रित ग्राम हाथीडोल तक पहुंचने के लिए बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यहां पर आने-जाने के लिए पगडंडी का सहारा ही लिया जाता है या फिर गर्मियों में बाइक से आ-जा सकते हैं लेकिन बारिश के दिनों में गांव के लोग कैद हो जाते हैं। क्योंकि सड़क की स्थिति बेहद खराब है। रास्ते भर में दो फीट तक कीचड़ जमा हुआ है। ग्रामीण के गोपाल कुलस्ते सहित अन्य बताते हैं कि सूखे दिनों में तो किसी तरह लोग आना जाना कर लेते हैं लेकिन बरसात में उनके लिए किसी सजा काटने जैसा होता है। हाथीडोल गांव पहुंचने के लिए 20 किमी. दूर जाना पड़ता है। पहले तो इमलीडोल तक नगर मुख्यालय से पक्की सड़क मिलती है लेकिन गांव तक पहुंचने के लिए जंगल से होते हुए कच्चे रास्ते का सहारा लेना पड़ता है क्योंकि इस गांव के लिए आज तक पक्का मार्ग नहीं बना है बारिश के सीजन में गांव टापू बनकर रह जाता है। हालांकि यहां बच्चों को अच्छी शिक्षा दी जा रही है क्योंकि यहां पर स्कूल प्रतिदिन खुलते हैं और यहां पर अध्यनरत छात्र पढ़ाई के मामले में भी होशियार है लेकिन इनको 5 पांच के बाद 10 किमी दूर इमलीडोल जाना पड़ता है वहीं 9 वीं के बाद पढ़ाई से वंचित रह जाते हैं क्योंकि इमलीडोल मे भी हाईस्कूल नहीं है अगर किसी को 9 से पढ़ाई करनी है तो तेन्दूखेड़ा शहर आना पड़ेगा इतना जरूर है कि गांव तक पहुंचने के लिए शिक्षकों को भी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। क्योंकि बच्चे शिक्षा से वंचित न रहे इसलिए शिक्षक गांव पहुंचने के लिए जंगल होते हुए आते-जाते हैं। इस दौरान जंगल में गुरैया नदी का नाला पड़ता है। जिसे पार करके यह सफर तय करना पड़ता है। कई बार बारिश में शिक्षक और गांव के लोग कैद हो जाते हैं, जब नदी का जलस्तर कम होता है, तब वह आ-जा पाते हैं।

#### कई दिनों तक नहीं आती है बिजली

जंगल में बसे इस गांव में बिजली की बड़ी समस्या बनी रहती है बारिश में कई बार लाइन काट दी जाती है। यदि जंगल के बीच लाइन में कहीं फॉल्ट या फिर लाइन और खंबा टूट गया है तो गांव में 5 से 10 दिन तक बिजली नहीं आती है। इस बीच ग्रामीणों को राते अंधेरे में गुजारना पड़ती है। बच्चों के साथ ही पशुधन भी देखना मुश्किल होता है क्योंकि जंगली जानवरों का - खतरा रहता है। जो रात में गांव के अंदर आ जाते हैं।

#### 12 साल पहले बनाई गई थी सड़क

इस संबंध में ग्राम पंचायत सचिव भगवानदास यादव का कहना है कि सड़क मुख्यमंत्री सड़क योजना में है, जो 12 साल पहले बनाई गई थी लेकिन अब पूरा मार्ग खराब हो गया है। बारिश में गांव के लोगों को दिक्कत होती है। पंचायत इस मार्ग पर कुछ कार्य नहीं करा सकती है जिससे लोग परेशान हो रहे हैं।

### भू अभिलेख पोर्टल की सेवाएं बुधवार से हो जाएगी शुरू

**दमोह।** प्रदेश के भू अभिलेख पोर्टल को नया वर्जन में अपडेट करने के लिए 23 जुलाई की रात्रि से सेवाएं बंद की गई है। सेवाओं के बंद होने से 6 दिन के लिए लोगों को परेशानी अवश्य हो रही है, लेकिन नया वेब जीआईएस 2.0 जल्द ही दिखेगा जो पहले की अपेक्षा नई जानकारी के साथ अपडेट होगा ।इसके प्रारंभ होने से नई जानकारी के साथ लोगों को दस्तावेज उपलब्ध होंगे। यह सेवाएं बुधवार से पुनः प्रारंभ हो जाएगी। यह जानकारी अधीक्षक भू अभिलेख वर्षा दुबे द्वारा दी गई। उन्होंने बताया कि इस दौरान भू अभिलेख पोर्टल बंद होने से अनेक कार्य नहीं हो पा रहे हैं। आम लोगों के लिए खसरा,नक्शा, खतौनी ,ऋण पुस्तिका आदि नहीं निकल पा रहे हैं लेकिन बुधवार से यह सेवाएं पुनः प्रारंभ हो जायेगी। अधीक्षक भू-अभिलेख वर्षा दुबे ने बताया वेब जीआईएस पोर्टल को अपडेट किया जा रहा है, जिसके चलते 6 दिनों तक अपडेशन का कार्य होने के कारण 23 जुलाई की रात्रि से पूरे प्रदेश में पोर्टल बंद किया गया था जो 29 जुलाई की रात्रि 12 बजे से पुनः प्रारंभ हो जाएगा जिससे आम नागरिकों को भू अभिलेख की सेवाएं पुनः प्रारंभ हो जाएंगी।

## मड़ियादो थाना पुलिस ने नशामुक्ति के लिए चलाया हस्ताक्षर अभियान



**दमोह।** नशे से दूरी है जरूरी, अभियान के तहत मडियादो थाना प्रभारी शिवांगी गर्ग ने पुलिस स्टाफ के साथ मडियादो बस्ती में नशा मुक्ति के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया, थाना प्रभारी ने मडियादो बस स्टैंड पर एक चौपाल के माध्यम से लोगों से संवाद किया और लोगों से नशा मुक्ति की अपील करते हुए समर्थन में हस्ताक्षर भी कराए,थाना प्रभारी शिवांगी गर्ग बंजारा टोला बस्ती मदनटोर पँहुची और बच्चो और महिलाओ के बीच बातचीत कर अभियान की जानकारी देकर नशामुक्ति की अपील करते हुए लोगों को सायबर क्राइम,ऑनलाईन फ्रॉड, बिना पहचान वाले नंबरों से वीडियो कॉल आदि से बचने की सलाह दी और लोगो से अपील की आप सभी पुलिस की मदद करे ताकि समाज नशामुक्त, अपराध मुक्त हो। उन्होने कहा नशे के कारण व्यक्ति अपने घर और समाज में अपराध करता है और अपराध की प्रवृत्ति बढ़ती जाती है जिससे उस व्यक्ति का पूरा परिवार कई प्रकार की परेशानियों का सामना करता है इसलिए आप सभी को नशे से दूर रहना है, बंजारा बस्ती में बच्चों से नियमित रूप से स्कूल जाने और अच्छी शिक्षा की प्रेरणा भी पुलिस ने दी। थाना प्रभारी ने बताया जिला पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया और हटा अनुविभागीय अधिकारी हटा पुलिस प्रशांत सिंह सुमन के निर्देशन में थाना पुलिस लगातार अभियान को गति दे रही है।

## गौ हत्यारों को पुलिस ने पकड़ा

**दमोह।** दमोह देहात थाना पुलिस ने गौ हत्यारों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार थाना दमोह देहात अंतर्गत दिनांक 14 जुलाई 2025 को प्राप्त सूचना तस्दीक पर सुनार नदी के किनारे पुराने रोपवे के पास ग्राम नरसिंहगढ़ में किसी मवेशी के अवशेष प्राप्त होने पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना दमोह देहात में म. प्र. गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम के अधीन सुसंगत धाराओं मे अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण अत्यन्त संवेदनशील होने एवं भावनाओं से संबद्ध होने के कारण पुलिस अधीक्षक महोदय से निर्देशन प्राप्त कर अति. पुलिस अधीक्षक दमोह एवं नगर पुलिस अधीक्षक दमोह के मार्गदर्शन में अज्ञात आरोपियों की तलाश पतारसी हेतु निरीक्षक रचना मिश्रा (थाना प्रभारी दमोह देहात) के द्वारा टीम गठित कर आरोपियों की पड़ताल की जा रही थी। मामले में प्राप्त तथ्यों के आधार पर दिनांक 27/07/2025 को 04 आरोपियो को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों ने अपराध घटित करना स्वीकार किया। आरोपियों से घटना में प्रयुक्त माल मसरूका जप्त कर वैधानिक कार्यवाही उपरांत आरोपियों को माननीय न्यायालय पेश किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में साहिल पिता समीम कुरेशी उम्र 22 साल नि. बजरिया वार्ड नं 07 कसाई मंडी दमोह, आकाश उर्फ डूठा पिता रियाज कुरैशी उम्र 29 साल नि. बजरिया वार्ड 07 कसाई मंडी दमोह, हसनैन उर्फ छिंग्गे पिता गुड्डू उर्फ गुफरान कुरैशी उम्र 19 साल नि. कसाई मंडी दमोह, सोहन पिता निरपत सीग लोधी उम्र 24 साल नि. मुश्कीबाबा वार्ड नं. 04 दमोह के नाम है। जब्त मसरूका में एक स्विफ्ट कार क्र **MP34 CA** 5444, घटना में प्रयुक्त अन्य आलाजरब जब्त किया गया। कार्यवाही हेतु गठित टीम के सदस्यों में निरीक्षक रचना मिश्रा, उनि अभिषेक पटेल (पुसके नरसिंहगढ), सउनि अकरम खान, प्रआ डेलन, प्रआ राकेश मिश्रा, प्रआ राधेश्याम मिश्रा, प्रआ वीरेंद्र, आ नीलेश,आर कमल सहित सायबर सेल टीम शामिल रही।



## मवेशियों को बचाने में दो ट्रकों में भिड़ंत

**दमोह।** छतरपुर हाईवे रोड पर मध्य प्रदेश के पशुपालन मंत्री लखन पटेल के विधानसभा क्षेत्र नरसिंहगढ़ सुनार नदी के पुल पर बैठे मवेशियों को बचाने के चक्कर मे दो ट्रकों की आमने-सामने भिड़ंत से देर तक आवागमन बाधित बना रहा। दोनों तरफ वाहनों की कतार लग जाने तथा एक्सीडेंट की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा ट्रकों को पुल से हटवा कर यातायात को सुचारू कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की रात पर नरसिंहगढ़ बटियागढ़ मार्ग पर दो लोडेड ट्रकों के बीच क्रॉसिंग के दौरान टक्कर हो गई। सीमेंट से भरा ट्रक क्रमांक MP 34H 1095 इमलाई से शाहगढ जा रहा था वहीं खाद से भरा ट्रक क्रमांक MP 09 HJ 5673 दिल्ली से जबलपुर आ रहा था। घटना के प्रत्यक्ष दर्शीकार चालक सुनील कुशवाहा ने बताया की मवेशियों को बचाने के चक्कर में दोनों गाड़ी आमने-सामने टकरा गई। कोई जनहानि नहीं हुई लेकिन पीछे चल रही उनकी अर्टिगा गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई। बाद में नरसिंहगढ़ पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों ट्रकों को पुल से हटवाकर जाम खुलवाया। ट्रक चालक हरिदास रैकवार ने बताया कि वह इमलाई से सीमेंट भरकर शाहगढ जा रहा था इसी बीच सामने से तेज गति आ रहे ट्रक ने अपनी साइड मवेशियों को बचाने के चक्कर में पुल पर गलत साइड पर ट्रक मोड़ दिया और भिड़ंत हो गई। वहीं दूसरी गाड़ी के चालक ने बताया की मवेशियों को बचाने के चक्कर में दोनों गाड़ी आमने-सामने टकराई,कोई जनहानि नहीं हुई है।



## नाबालिक को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया

दमोह। दिनांक 26 जुलाई 2025 को हिरदेपुर निवासी आवेदक की रिपोर्ट पर आवेदक की नाबालिक लड़की को अज्ञात आरोपी द्वारा अपहरण करने के मामले पर थाना दमोह देहात में अपराध क्रमांक 555/25 धारा 137(2) **BNS** पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता एवं शीघ्र कार्यवाही के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दमोह तथा नगर पुलिस अधीक्षक मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी दमोह देहात के नेतृत्व में उनि रोहित द्विवेदी (प्रभारी पुलिस सहायता केंद्र सागर नाका) द्वारा तत्काल टीम के साथ कार्यवाही कर 24 घंटे के अंदर से इमलाई फैक्ट्री के पास से अपहृत नाबालिक को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। अपहृता द्वारा बताया गया कि परिजनों द्वारा डांटने के कारण नाराज हो कर घर से चली गई थी। उपरोक्त कार्यवाही में उनि रोहित द्विवेदी, प्रआ. हर्ष, आ नीरज,आ रामकुमार,आ गौरव, महिला सैनिक गीता एवं साइबर सेल से आ मयंक दुबे के सक्रियता प्रशंसनीय रही।

## 19 माह बीतने के बाद भी विधानसभा क्षेत्र में विधायक कार्यालय नही खुल पाया, दमोह में होती है सुनवाई

**पथरिया।** हर बार विधानसभा चुनाव में क्षेत्रीय उम्मीदवार की मांग उठाई जाती है पर सोचने वाली बात है कि क्षेत्र में कोई ऐसा जनप्रतिनिधि पार्टी की मंशा पर खरा नहीं उतर पाता हो शायद इसीलिए हर बार क्षेत्रीय जनता की मांग दरकिनार कर मनमर्जी का प्रतिनिधि चुनने को कहा जाता है। जिले में चार विधानसभा क्षेत्र है जहां हर विधानसभा क्षेत्र में विधायक निवासरत है सिर्फ पथरिया ऐसा विधानसभा है। जहां के ना तो विधायक क्षेत्र में निवास करते ना जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी चुनाव प्रचार-प्रसार के दौरान भले मतदाताओं के सामने स्वयं जनप्रतिनिधि कुछ कहें पर विधायक व मंत्री बनने पर उसी क्षेत्र निवास नही करना चाहते जहां की जनता ने आप पर विश्वास जताया प्रचार-प्रसार में कहा कि अबकी बार क्षेत्र से प्रतिनिधित्व मिलने पर हम यही निवास बनाकर आप सब के बीच रहेंगे लेकिन सोचने वाली बात है कि चुनाव नतीजों के बाद करीब 19 महीने बीत गए पर ना विधायक व मंत्री निवास तो दूर कार्यालय तक नही खुल पाया कि क्षेत्र की जनता अपनी समस्या को लेकर वहां बता सकें कि किस तरह यहां पर शासकीय कार्यालय में हालात बने हुए हैं। विधायक बनने के बाद पहली बार अनुविभागीय मुख्यालय पर अधिकारियों की बैठक ली उसमें अधिकारियों को समय पर आम जनता के काम करने के निर्देश दिए साथ ही हर 15 दिन में समीक्षा बैठक करने की बात कही पर एक बार ही बैठक हो सकी उसके बाद मंत्री पद मिला तो समय नही मिल पा रहा हां इतना जरूर कि मार्च 24 में आयुष्मान शिविर व 2 बार मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के संबंध में मंत्री पुत्र ने बैठक ली। अब तो हालत यह है कि मंत्री कार्यालय दमोह से मंत्री जी का कार्यक्रम जारी होता है तो मालूम चलता है कि पथरिया से होते भोपाल रवाना होंगे। ऐसे में जिनको जानकारी मोबाइल पर मिल गई वह तो मिल लेते हैं पर आम जनता को नही। क्षेत्रीय जनता की भी अपनी अपनी समस्या है कोई शासकीय कार्यालय के चक्कर काट काट परेशान हैं तो कही कुछ पर जब सुनने वाला कोई नहीं तो कहां बताए अपनी पीड़ा।

## 11 ब्राह्मणों के द्वारा शुक्ल यजुर्वेद का पाठ कर कराया जा रहा रुद्राभिषेक

**दमोह।** श्री देव जागेश्वर नाथ जी मंदिर बांदकपुर में 11 दिवसीय लघु रुद्रात्मक रुद्राभिषेक कराया जा रहा है जिसके तृतीय दिवस में आज दिव्य भव्य रुद्राभिषेक कराया गया जिसमें 11 ब्राह्मणों के द्वारा शुक्ल यजुर्वेद का पाठ करके रुद्राभिषेक कराया गया। प्रतिदिन की तरह पंचामृत स्नान हुआ एवं भगवान की आरती कराई गई। यह संपूर्ण आयोजन मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक पंडित राम कृपाल पाठक के मार्गदर्शन में कराया जा रहा है मंदिर ट्रस्ट के प्रवक्ता आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने बताया कि आज मुख्य यजमान के रूप में पी सी गुप्ता जिला एवं सत्र न्यायाधीश सपरिवार बांदकपुर पहुंचकर मंदिर ट्रस्ट के द्वारा आयोजित एकादश दिवसीय लघु रुद्रात्मक रुद्राभिषेक में सम्मिलित होकर के रुद्राभिषेक किया एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत गोवर्धन पर्वत के धेनुवन में पर वृक्षारोपण किया।



## श्रद्धा कौशल संवर्धन शिविर का हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

समीपस्थ ग्राम तेवरईया के गायत्री प्रज्ञापीठ में श्रद्धा के कौशल विकास हेतु पंच दिवसीय शिविर का शुभारंभ दुर्गा प्रसाद पटेल के देव पूजन व दीप प्रज्वलन द्वारा हुआ। गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी वर्षाकाल में कार्यकर्ताओं के व्यक्तित्व कौशल विकास हेतु प्रशिक्षण कराते रहे है। इसी कार्य को आगे बढ़ाते हुए गायत्री परिवार सभी प्रज्ञा संस्थान में यह आयोजन कर रहा है। प्रशिक्षण देने पधारे प्रशिक्षक पं. गिरधर पटेरिया ने बताया आज सारे भारत वर्ष में हमें हेय दृष्टि से देखा जाता है हम दमोह जिले के निवासी हैं बताने में संकोच होता है दमोह के सभी राजनैतिक महानुभाव एवं धार्मिक सामाजिक संगठन के लिए विचारणीय प्रश्न है। दमोह जिले से गंदगी का कलंक मिटाना हम सबका दायित्व है। हमें अपनी गली, मुहल्ला ,ग्राम ,नगर एवं जिला को स्वच्छ बनाने के लिए ठोस कदम उठाने की महती आवश्यकता है। स्वच्छता में ही देवत्व का वास है। व्यक्तित्व कौशल विकास हेतु सभी सत्प्रवृत्तियों में स्वच्छता सर्वप्रथम सर्वोपरि अनिवार्य है । प्रशिक्षण में तेवरईया के अलावा हिनोता कला, देवरा जामशा एवं मुहरई के परिजन सम्मिलित हुए। सभी ने अपने विचार रखे,शांतिपाठ के साथ कार्यशाला का समापन हुआ।

## सर्पदंश से दो की मौत

**तेंदूखेड़ा।** बारिश का मौसम आती है धरती पर रेंगने वाले जीव-जंतु बिलों से बाहर निकलकर रहवासी क्षेत्र या फिर घरों में प्रवेश कर रहे हैं जिसके कारण लोगों की जान तक जा रही है या फिर गंभीर हालत में जबलपुर दमोह इलाजरत है। रविवार को तेन्दूखेड़ा थाना के अंतर्गत दो अलग अलग स्थानों पर दो लोगों को जहरीले सांप के डसने से मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है। पहला मामला थाना के ससनाकला ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम ढाना से सामने आया है जहां पर सर्पदंश से ताराबाई पति डाल सिंह लोधी उम्र 60 वर्ष की इलाज के दौरान मौत हो गई है। परिजनों द्वारा बताया गया है ताराबाई को घर में सोते समय सांप ने काट लिया था जिसे इलाज के लिए लाया गया था लेकिन इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना ग्राम बम्हौरी से सामने आई है जहां पर घर के बाहर खेलते समय 8 वर्षीय मासूम को सांप ने काट लिया जिसे परिजन इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए जहां डॉक्टरों द्वारा चेकअप कर मृत घोषित कर दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार दसोश पिता हल्ले भाई लोधी उम्र 8 वर्षीय अपने घर के पास अपनी बहनों के साथ खेल रही थी उसी दौरान सांप ने डंस लिया दोनों मामलों को पुलिस द्वारा जांच की

## वन विभाग के चौकीदार का शव वन प्लांटेशन में मिला

### तेंदूखेड़ा वन परिक्षेत्र में सुरक्षा श्रमिक के पद पर कार्यरत था मृतक, पुलिस कर रही मामले की जांच

**तेंदूखेड़ा।** पेड़ पौधों व प्लांटेशन की देखरेख करने वाले एक चौकीदार का शव प्लांटेशन के अंदर मृतक अवस्था में मिलने से वन अमले सहित आसपास हड़कंप मच गया है। घटना की सूचना मिलते ही वन परिक्षेत्र अधिकारी व स्टाफ और पुलिस मौके पर पहुंची साथ ही मृतक के परिजनों सहित गांव के लोग भी घटनास्थल पर पहुंचे जिसके बाद पुलिस द्वारा जांच पड़ताल शुरू कर दी है। घटनाक्रम के संबंध में मिली जानकारी अनुसार तेन्दूखेड़ा वन परिक्षेत्र के एक प्लांटेशन चौकीदार पद पर कार्यरत इंदुर आदिवासी का शव मिला। इंदुर शनिवार सुबह रोज की तरह ड्यूटी पर गया था। शाम तक वापस नहीं लौटने पर परिजन रात भर उसे खोजते रहे। इंदुर बम्होरी गांव का रहने वाला था और तेंदूखेड़ा वन परिक्षेत्र में सुरक्षा श्रमिक के रूप में अस्थाई सेवाएं दे रहा था। प्लांटेशन उसके गांव से मात्र एक किलोमीटर दूर सागर जबलपुर स्टेट हाईवे 15 पर स्थित है वर्ष 2021 में स्थापित इस प्लांटेशन में इंदुर और एक अन्य व्यक्ति सुरक्षा श्रमिक के रूप में कार्यरत थे। मृतक के पुत्र अरविंद्र आदिवासी ने बताया कि उसके पिता शनिवार सुबह प्लांटेशन गए थे। शाम तक वापस नहीं आने पर परिवार के लोग रात भर उन्हें खोजते रहे। रविवार सुबह कुछ साथियों के साथ प्लांटेशन में उन्होंने अपने पिता का शव देखा। इंदुर आदिवासी के साथी धन सिंह ने बताया कि वे दोनों दिन में साथ में थे। ड्यूटी खत्म होने के बाद वह घर आ गया था शाम को कुछ मवेशी प्लांटेशन में घुस गए थे, जिन्हें निकालने इंदुर प्लांटेशन के अंदर गया था अनुमान है कि मवेशियों को भगाते समय इंदुर फिसलकर गड्ढे में भरे पानी में उल्टा गिर गया और मुंह में पानी जाने से उसकी मौत हो गई वहीं इंदुर के शरीर में कुछ मामूली चोटे के निशान एव चेहरे पर भी निशान दिखाई दिये।



#### इनका कहना है

इस घटना के संबंध में तेंदूखेड़ा वन परिक्षेत्र अधिकारी मेघा पटेल ने बताया कि उन्हें सुबह घटना की सूचना मिली थी, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचित किया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा किस कारण सुरक्षा श्रमिक की मौत हुई है पुलिस द्वारा भी जांच की जा रही है । थाने के सहायक उपनिरीक्षक गजराज सिंह ने बताया कि मृतक उल्टा पड़ा था और बाजू में पानी भरा था। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है और पीएम रिपोर्ट के अनुसार आगे की कार्रवाही की जाएगी